समय: २ घंटे | **CODE - UDUPI** | L-5 | पूर्णांक : ५०

प्रश्न-१) **निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए :-** १४

अ) ''किसी जमाने में न्यूटन नाम के किसी खुराफाती ने पृथ्वी की आकर्षण शक्ति नाम की एक चीज ईजाद की थी। कहना न होगा कि यह सारी शक्ति इस समय इस लोटे के पक्ष में थी।''

अथवा

''जिस प्रकार भेड़िया भेड़ को पुचकारता है, उसी प्रकार लीडर पब्लिक के पैसे पर प्यार करता है। हिसाब-फहमी का प्रश्न उसकी 'इंसल्ट' और जीवन-मरण की समस्या है।''

आ) ''कुछ न कहो तुम,
तुम्हें देख कर समझ गये हम-
बिना कहे।
बिंधे ग्लानि से -
बँधे मौन से-
व्यथित हुए तुम दुख की मार सहे;
हाड़ फोड़ कर निकले आँसू-
टप टप बहुत बहे।''

अथवा

''दो दिन दुख का, दो दिन सुख का
दुख-सुख दोनों संगी जग में,
कभी हास है, कभी अश्रु है,
जीवन नवल तरंगी जग में
बादल चले गये वे
दो दिन पाहुन जैसे रह कर''

प्रश्न-२) **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-** २०

क) 'एक दीक्षांत भाषण' इस व्यंग्यात्मक निबंध के अंतर्गत छात्रों के रचनात्मक कार्यों पर किस प्रकार व्यंग्य किया गया है? चर्चा कीजिए।

अथवा

'देश सेवा के अखाडे में' इस निबंध में सूर्यबाला न देश सेवकों की व्यवस्थाओं के माध्यम से किस प्रकार का व्यंग्य प्रस्तुत किया है? स्पष्ट कीजिए।

ख) 'उनको प्रणाम' कविता के माध्यम से कवि किन-किन लोगों को प्रणाम करने की बात करते हैं ? विस्तृत चर्चा कीजिए।

अथवा

'गीत- फ़रोश' कविता में कवि किस प्रकार कठोर प्रहार करते हैं? सविस्तार वर्णन कीजिए।

प्रश्न-३) **किसी एक विषय पर टिप्पणी लिखिए :-** ६

'चौथे ठग व्यक्ति' की चतुराई।

अथवा

'टूटे पहिये' की विशेषता।

प्रश्न-४) **निम्नलिखित विषयों पर प्रारंभिक आलेखन लिखिए :-** १०

क) अपने जन्मदिन के अवसर पर अपने मित्र को आमंत्रित करते हुए पत्र का नमूना तैयार कीजिए।

अथवा

शारीरिक अस्वस्थता के कारण महाविद्यालय में एक माह तक अनुपस्थित रहने के कारण अर्जित अवकाश के लिए प्रार्थना पत्र का प्रारूप निर्मित कीजिए।

अथवा

आपके टेलिफोन का बिल गलत है इस संदर्भ में महाप्रबंधकके नाम शिकायत पत्र का प्रारूप निर्मित कीजिए।

ख) अपने मित्र को सर्वोत्तम गुणों से उत्तीर्ण होने पर बधाई देते हुए पत्र का प्रारूप निर्मित कीजिए।

अथवा

किसी महाविद्यालय में प्राध्यापक का पद रिक्त है, अत: उस पद हेतु आवेदन का प्रारूप तैयार कीजिए।

अथवा

सार्वजनिक उत्सव के नाम पर दिन-रात शोर-शराबे की शिकायत करते हुए पत्र का नमूना निर्मित कीजिए।

****